BABA MASTNATH UNIVERSITY

ASTHAL BOHAR, ROHTAK

Public Relations Office

Name of the Publication ....HARI BHOOMI........

Date 07/09/2024........ Page ....10........ Column ....02........

Subject ....नृत्य कला और गीत के माध्यम से फिजियोथेरेपी के महत्व को दर्शाया

नृत्य कला और गीत के माध्यम से फिजियोथेरेपी के महत्व को दर्शाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

रोहतक। बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय वोटर जागरूकता की शपथ लेते हुए कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) एच.एल. वर्मा व अन्य स्टाफ।

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के फिजियोथेरेपी विभाग द्वारा विश्व फिजियोथेरेपी दिवस के साप्ताहिक कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को कला और शिल्प गतिविधियों, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया। छात्रों ने फिजियोथेरेपी-थीम वाली भित्ति चित्रकला, सहायक उपकरण डिजाइन और फोटोग्राफी के माध्यम से अपनी रचनात्मकता और नवाचार का प्रदर्शन किया। सभी को वोटर जागरूकता की शपथ दिलाई गई। कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) एचएल वर्मा ने फिजियोथेरेपी की आधुनिक स्वास्थ्य सेवा में महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया और बताया कि कैसे यह क्षेत्र मरीजों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाता है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत नृत्य प्रदर्शन और गीत प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जिनमें छात्रों ने स्वास्थ्य सेवा में फिजियोथेरेपी के महत्व को रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।